बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 1578 ब.वि.वि. / अकादमी / दी.राम / 2024 भोपाल, दिनांक 31/07/2024

–:अधिसूचना:–

विशविश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सितंबर के प्रथम / द्वितीय सप्ताह में आयोजित किया गया जायेगा।

दीक्षांत समारोह में सत्र 2022–2023 के पात्र विद्यार्थियों की उपाधि / स्वर्ण पदक / मैरिट प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाएगें, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

1. डी.लिट / डी.एससी / पीएच.डी, उपाधि:– जिन शोधार्थियों की उपाधि संबंधी अधिसूचना अकादमिक सत्र 2022–2023 में 01 जुलाई 2022 से 30 जून 2023 तक की अवधि में जारी हो चुकी है तथा जिन्होंने अभी तक उपाधि (डिग्री) प्राप्त नही की है वे शोधार्थी ही इस सत्र में उपाधि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।
2. स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी संकायों के वे स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो सत्र 2022–2023 की परीक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित स्वर्ण पदक की पात्रता रखते हैं। (सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें)
3. मैरिट प्रमाण पत्र सत्र 2022–2023 की स्नातकोत्तर परीक्षाओं में मेरिट में स्थानप प्राप्त करने वाले विद्यार्थी (जिन्होंने अभी तक प्रमाण – पत्र प्राप्त नहीं किया हैं) ही प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।.
4. अन्यः– इसके अतिरिक्त आलोच्य सत्र के उन सभी आवेदकों के लिये जिन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिये अपना पंजीयन करवाया है, दीक्षांत समारोह के समापन के बाद उनकों उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी।

सभी इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिशः इस समारोह में उपास्थित हो कर उपाधि / स्वर्ण पदक / मैरिट प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित (ऑन–लाइन) आवेदन प्रप्रत्र में निर्धारित शुल्क के साथ अपना आवेदन दिनांक 23.08.2024 तक एवं निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 30.08.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करते समय अपना ई–मेल आई.डी. तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिखे।

अपूर्ण आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं दीक्षांत समारोह में भाग लेने संबंध अन्य सभी दिशा–निर्देश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वेबसाइट– www.bubhopal.ac.in पर अवलोकित किये जा सकते हैं।

(क) शुल्क– पंजीयन शुल्क रू. 200.00 (उपाधि का मूल शुल्क रूपये 300.00 मेरिट प्रमाण–पत्र मूल शुल्क रूपये 100.00 अतिरिक्त देय होगा) विलम्ब शुल्क रूपये 100.00 (पोर्टल शुल्क अतिरिक्त देय होगा)

(ख) सम्पर्क – स्वागत् एवं विद्यार्थी सहायता केन्द्र फोन नं. 0755–2517100, 0755–2517200 सहायक कुलसचिव परीक्षा 0755–4002896, आई.टी.सेल प्रकोष्ठ फोन नं. 0755–4726931, केवल व्हाट्सएप नं. 8319094166

नोटः– आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही मान्य किये जाएंगे।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 1579 ब.वि.वि. / अकादमी / दी.सम / 2024 भोपाल, दिनांक 31/07/2024

प्रतिलिपि :–

1. सर्व संबंधितों को सूचनार्थ।
2. महामहिम कुलाधिपति जी एवं राज्यपाल के प्रमुख सचिव, राजभवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
3. माननीय मंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
4. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, बी विंग, भोपाल।
6. विभागाध्यक्ष / संचालक, विश्विद्यालय के समस्त शैक्षणिक विभाग एवं संस्थान, बरकतउल्ला विश्विद्यालय,भोपाल।
7. समन्वयक / सह–समन्वयक, दीक्षांत समारोह।
8. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी।
9. प्रभारी, आई.टी. प्रकोष्ठ, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड करने के आशय से।
10. प्रभारी, जनसंपर्क, बरकउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर अधिसूचना को दैनिक समाचार पत्रों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ।
11. निज सहायक के माध्यम से कुलगुरू / कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
12. नस्ती प्रति।

सहा. कुलसचिव

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल